दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, मंगलवार 19 जुलाई 2022
www.nyaysakshi.com

महत्वपूर्ण एवं खास

जिले में 375.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 18 जुलाई तक 375.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 6.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 455.5 मिली मीटर, पुसौर में 502, खरसिया में 341.7, सारंगढ़ में 570.7, बरमकेला में 394.1, घरघोड़ा में 292, तमनार में 440.1, लैलूंगा में 295.8, धरमजयगढ़ में 263.1, सरिया 275.1 एवं छाल तहसील में 297 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को विशेष केन्द्रीय सहायता अंतर्गत निशुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु 5 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत जिले के विकासखण्ड बरमकेला, धरमजयगढ़, पुसौर, खरसिया तथा सारंगढ़ के चयनित ग्राम के गरीबी रेखा के सर्वेक्षित अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर शासकीय तथा निजी क्षेत्र में रोजगार/स्वरोजगार योजनाओं में स्थापित करने का प्रावधान है। उक्त नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए इच्छुक आवेदक 05 अगस्त 2022 तक सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण, कार्यालय रायगढ़ में अथवा कार्यालयीन ई-मेल cssdmraigarh@gmail.com में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं तथा संबंधित क्षेत्र के प्रशिक्षण संस्था शा.आईटीआई सारंगढ़, सरिया, पुसौर, खरसिया, तमनार, घरघोड़ा में भी आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। चयनित ग्राम की सूची, पंजीकृत प्रशिक्षण संस्था एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in तथा कार्यालयीन सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

सूने मकान से डेढ़ लाख के जेवर पार

रायपुर (आरएनएस)। पिरदा के हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित सूने मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने डेढ़ लाख के सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलनारायण वर्मा 35 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी पिरदा में रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने परिवार के साथ कही बाहर गया था। तभी 16-17 जुलाई के मध्य अज्ञात चोर ने सूने मकान का ताला तोडक़र आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। चोरी गए जेवर की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मामूली बात पर कैफे संचालक से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। वीआईपी रोड स्थित डकार कैफे में मामूली बात को लेकर ग्राहक ने संचालक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कैफे के संचालक नियाज अहमद 27 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी मोहम्मद साकीब, डोरन व अन्य ने प्रार्थी को खाना का आर्डर दिए थे। जिससे तीनों खाना लेने पहुंचे थे। जिससे संचालक ने अभी नहीं बना है 10 मिनट लगेगा कहा तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

लैलूंगा पुलिस के हाथ आए मकान में सेंधमारी काने वाले तीन आरोपी

❐ **मकान का ताला तोड़कर किए थे नकदी समेत, सोने-चांदी के जेवरात की चोरी**

❐ **आरोपियों से डेढ लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात हुए बरामद**

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं एसडीओपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर लैलूंगा पुलिस की टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 13 में मधुकर सिंघानिया के सुने मकान में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को सोने-चांदी के जेवरातों के साथ पकड़ा गया है , जिन्हें आज न्यायिक रिमांड पर घरघोड़ा न्यायालय भेजा गया है।

रिपोर्टकर्ता मधुकर सिंघानिया द्वारा दिनांक 15.07.2022 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताये कि दिनांक 14/07/2022 को वे सत्संग आश्रम गये थे, घर में बेटा और बहू सोये थे, रात्रि करीब 11/50 बजे सत्संग आश्रम से वापस घर आये और सो गये। सुबह सो कर उठे तो देखे कि पुराना मकान का दरवाजा खुला था, कमरे अन्दर के दरवाजा का कुंडा टूटा था। कमरे अन्दर रखा अलमारी खुला था अलमारी को खोलकर देखे तो नगदी रकम एवं सोने चांदी के जेवरात एवं चांदी के सिक्के को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था , घटना के दो दिन पहले भी चोर घुसे थे। थाना प्रभारी लैलूंगा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध नकबजनी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचनाक्रम में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किये, थाने के विवेचकगण अपने मुखबिरों को सक्रिय कर उनसे सूचना लिया गया। इसी बीच मुखबिर द्वारा बाजारपारा के तीन लड़के अमन यादव, रितेश शुक्ला और रोहित निषाद को जुआ, शराब में काफी रूपये खर्च करना बताते हुए उन पर चोरी का संदेह व्यक्त किया। थाना प्रभारी व उनके स्टाफ तीनों संदेहियों के धरपकड़ के लिये दबिश देकर हिरासत में लिये। पुलिस को तीनों संदेही दिनांक 14-15/07/2022 की रात्रि रॉड से ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नगदी की चोरी करना स्वीकार किये। पुलिस टीम द्वारा आरोपी रोहित निषाद से सोने के 2 नग सोने के चैन, 2 नग सोने की बाली, 1 सोने की अंगूठी, 1 चांदी का सिक्का 100 ग्राम तथा आरोपी रितेश शुक्ला से चांदी का पायल 2 नग, चांदी की बिछिया 2 नग एवं आरोपी अमन यादव से चांदी का सिक्का 26 नग जुमला 1 लाख 57 हजार रुपए का मशरूका की जप्ती की गई है। आरोपियों द्वारा नगदी रकम खाने-पीने और जुआ खेलने में खर्च कर देना बताये जिस पर उनके घरों की विधिवत तलाशी लिया गया अन्य जप्ती योग्य सामान नहीं मिला। आरोपियों के परिजनों को उनकी गिरफ्तारी की सूचना देकर आरोपियों को आज जुडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम के नेतृत्व में कार्यवाही में उपनिरीक्षक बलदेव साय पैकरा, सहायक उपनिरीक्षक चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी, राम रतन भगत, अनिल साहू, आरक्षक जॉन टोप्पो, इलियास, राजू तिग्गा, प्रमोद भगत, पुष्पेंद्र मराठा की अहम भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी - रोहित निषाद पिता संतोष निषाद 19 साल, रितेश शुक्ला पिता राकेश शुक्ला 19 साल, अमन यादव पिता पप्पू यादव 18 साल तीनों बाजारपारा लैलूंगा।

जूटमिल पुलिस के हाथ आए चोरी के दो आरोपी

❐ **आरोपियों ने कांशीराम चौक पर सूने मकान का ताला तोड़कर पार किए थे सोने-चांदी के जेवरात, मोबाइल और 2 कट्टा चावल**

रायगढ़। दिनांक 17.07.2022 को पुलिस चौकी जूटमिल में कांशीराम चौक, गांधीनगर में रहने वाले लक्ष्मी नारायण साहू (28 साल) द्वारा उसके सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात आरोपी अलमारी में रखा 1 जोड़ी चांदी का पायल, एक सोने का पदक और घर में रखे 2 बोरी कट्टा चावल और एक एमआई कंपनी का मोबाइल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्टकर्ता बताया कि दिनांक 16.07.2022 को दोपहर अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर अपनी बहन के घर बाजीनपाली गया था। दूसरे दिन दिनांक 17.07.2022 को सुबह परिवार के साथ घर वापस आया तो मुख्य दरवाजा का ताला खोलकर अन्दर गया तब देखा कि घर कमरा के दरवाजा का ताला टुटा हुआ था, अन्दर जाकर देखने पर अलमारी में पायल, सोने का पदक और घर से चावल, मोबाइल नहीं था। चौकी जूटमिल में अज्ञात आरोपी पर नकबजनी का अपराध दर्ज कर माल मुलजिम की पतासाजी में लिया गया। माल मुल्जिम पतासाजी दौरान मुखबीर सूचना पर चोरी के संदेह में कांशीराम चौक, गांधी नगर में रहने वाले हरदीप उर्फ मुंडा सोनी और कवि खटर्जी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उनके द्वारा मोहल्ले के लक्ष्मी नारायण साहू के घर 16/07/2022 के दोपहर घर का ताला तोड़कर चोरी करना कबूल किए। आरोपी हरदीप सोनी के मेमोरेंडम पर 1 जोड़ी चांदी का पायल, एक नग सोने का पदक, एक कट्टा चावल 50 किलो एवं आरोपी कवि खटर्जी के मेमोरेंडम पर एक नग एमआई कंपनी का स्क्रीन टच मोबाइल तथा एक कट्टा 50 किलो चावल जप्त कर बाजाता शुमार किया गया है। दोनों आरोपी हरदीप मुंडा सोनी पिता स्वर्गीय गुलजार सोनी उम्र 21 साल कवि खटर्जी पिता सहज कुमार खटर्जी उम्र 20 साल दोनों निवासी कांशीराम चौक गांधी नगर चौकी जूटमिल थाना कोतवाली को नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर उनके परिजनों को गिरफ्तारी की सूचना देते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

चौकी खरसिया पुलिस की कार्यवाई पर बाइक चोर गया जेल, हाल ही में आरोपी को मिली थी जमानत

रायगढ़। पुलिस चौकी खरसिया में दिनांक 05.03.2022 को रिपोर्टकर्ता नवीन कुमार विश्वकर्मा द्वारा दिनांक 03.03.2022 को हमालपारा रेल्वे ओवर ब्रीज के नीचे खड़ी हैंडल लॉक मोटर सायकल हिरो पैशन प्रो. CG 13 UA-7301 के चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिस पर चौकी खरसिया में अज्ञात आरोपी पर अप.क्र. 105/2022 धारा 379 IPC का अपराध दर्ज कर माल मुल्जिम की पतासाजी किया जा रहा था कि पिछले माह पुलिस चौकी जूटमिल पुलिस द्वारा आरोपी उमाशंकर सतनामी को चोरी व आर्म्स एक्ट के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। चौकी जूटमिल द्वारा आरोपी उमाशंकर से मोटरसाइकिल हीरो पैशन प्रो CH 13-H-6246 जप्त किया गया था जिसका इंजन व चेचिस नंबर मिलान करने पर चौकी खरसिया के अपराध क्रमांक 105/2022 धारा 379 IPC में चोरी गये मोटर सायकल से मिलान हुआ जिस पर चौकी जूटमिल से अपराध डायरी चौकी खरसिया स्थानांतरण कर अप.क्र. 105/2022 में शामिल किया गया। आरोपी उमाशंकर सतनामी जूटमिल के चोरी, आर्म्स एक्ट के मामले में जमानत पर रिहा होकर फरार था जिस कारण आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई थी। चौकी प्रभारी खरसिया नंदकिशोर गौतम द्वारा अपने स्टाफ को आरोपी पर निगाह रखने निर्देशित किया गया था जिस पर आज पुलिस चौकी खरसिया के प्रधान आरक्षक शंकर सिंह क्षत्री और आरक्षक सावित्र चंद्रा द्वारा मुखबीर सूचना पर रायगढ़ जूटमिल क्षेत्र से आरोपी उमाशंकर सतनामी को हिरासत में लेकर चौकी खरसिया ले गए जिससे पूछताछ करने पर मार्च माह में हमालपारा रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे से हैंडल लॉक पैशन प्रो को चोरी करना और उस पर दूसरी नंबर प्लेट लगाकर उपयोग करना बताया। आरोपी को गिरफ्तार कर JMFC खरसिया के न्यायालय न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया, जहां से जेल वारंट पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। आरोपी - उमाशंकर सतनामी पिता प्यारेलाल सतनामी उम्र 28 वर्ष निवासी राजीव गांधी नगर भजनडिपा रायगढ़ चौकी जूटमिल थाना कोतवाली

खरसिया के सिविल अस्पताल में शुरू होने जा रहा हमर लैब

❐ **जिले के अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में भी 15 दिनों में होगा हमर लैब शुरू**

रायगढ़। छत्तीसगढ़ शासन हमर लैब के नाम से सरकारी पैथालॉजी लैब शुरू करने जा रही हैं, जिसके अंतर्गत जिला अस्पतालों की लैब को ही हमर लैब में डेवलप किया जा रहा है, ताकि वहां सभी तरह की जांच की जा सके। इसके लिए जरूरी व एडवांस मशीनें लगाई जाएंगी। जिसके फलस्वरूप खून एवं पेशाब संबंधी समस्त जांच नि:शुल्क एवं न्यूनतम दर में उपलब्ध कराया जाएगा। इसका फायदा ये होगा कि ग्रामीण लोगों को भी जरूरी जांच के लिए शहर नहीं आना पड़ेगा।

रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सिविल अस्पतालों में हमर लैब की स्थापना की जा रही है जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के उपकरणों जैसे एचबीएआईसी, बायोकैमेस्ट्री एनालाइजर, सीबीसी, यूरिन एनालाइजर, इलेक्ट्रोफोरेसिस मशीन, टू-नाट मशीन, इएसअसार एनालाइजर इत्यादि की स्थापना की जाएगी।

प्रथम चरण में खरसिया के सिविल अस्पताल में हमर लैब का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा हमर लैब के माध्यम से समस्त प्रकार के जांच सुविधा प्रदाय की जाएगी। आगामी 15 दिनों के अंदर अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हमर लैब की सुविधा प्रारंभ कर दी जाएगी। जहां मरीज अपने लीवर, किडनी, रक्त अल्पता लिपिड प्रोफाइल तथा पेशाब संबंधी जांच करा सकते है।

हमर लैब से मरीजों को मिलेगी सहूलियत- पीएचसी, सीएचसी से लेकर जिला व मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में बिना लैब या डायग्नोस्टिक सेंटर के बीमारी का इलाज संभव नहीं है। उदाहरण के लिए किसी मरीज को बुखार है तो मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू या पीलिया की जांच कराई जाती है। ताकि रिपोर्ट से पता चल सके कि मरीज की बीमारी क्या है? रिपोर्ट के आधार पर ही डॉक्टर मरीज का इलाज शुरू करते हैं। जिससे मरीजों को जल्द आराम मिले।

न्यूनतम शुल्क में होगी जांच- जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में हमर लैब खुलने जा रही हैं। इसमें कोई भी व्यक्ति न्यूनतम शुल्क में कई प्रकार के टेस्ट करवा सकेगा। इससे लोगों को विभिन्न प्रकार की जांच में लगने वाले खर्च से राहत मिलेगी।

फेसबुक फ्रेंड ने नाबालिग बालिका को शादी का प्रस्ताव रख अपने महिला मित्र के साथ भगा ले गया ओडिसा

❐ **0 बालिका को भगा ले जाने वाले युवक और युवती गिरफ्तार, अपहरण, दुष्कर्म सहित पोक्सो एक्ट में गये जेल**

रायगढ़। एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर केडार पुलिस थानाक्षेत्र से लापता हुई नाबालिग बालिका को बरगढ़, ओडिसा से पता तलाश कर वापस केडार लाया गया है। बालिका बताई कि उसे बसना, महासमुंद का युवक और युवती बहला फुसलाकर ओडिसा लेकर गये थे, जहां युवक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। दोनों आरोपियों को केडार पुलिस द्वारा अपहरण, दुष्कर्म सहित पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के न्यायालय में रिमांड पर भेजा गया है।

पीड़िता के पिता द्वारा दिनांक 16.07.2022 को थाना केडार में बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति दिनांक 09.07.2022 की रात्रि बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया, केडार प्रभारी उप निरीक्षक झामलाल मार्को द्वारा धारा 363 IPC के तहत अपराध अज्ञात आरोपी पर दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

बालिका एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी के लिये केडार प्रभारी मुखबिर लगाकर सूचना देने निर्देशित किया गया था कि दिनांक 17.07.2022 को बालिका के भाई ने थाना प्रभारी केडार को सूचना दिया कि किसी अज्ञात नम्बर से किसी लड़की ने कॉल कर बोली कि अपनी बहन को ले जाओ। थाना प्रभारी द्वारा उक्त मोबाइल का लोकेशन पता कर सहायक उप निरीक्षक लखन पटेल को थाना स्टाफ और बालिका के परिजनों के साथ बरगढ़, ओडिसा रवाना किया गया। पुलिस टीम ग्राम सरगीबहाल, पदमपुर ओडिसा में एक कमरे में बंद बालिका मिली। बालिका बताई कि उसे राकेश नाइक उर्फ पिन्टु, उर्फ आर.के. और उसकी दोस्त मालती सोना उर्फ मनीषा उर्फ रानी दोनों निवासी बसना, महासमुंद हाल निवास ग्राम सरगीबहाल, पदमपुर बहला फुसलाकर लाये हैं और युवक राकेश नाइक द्वारा जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाया है जिस पर पुलिस टीम द्वारा बड़ी सूझबूझ से दोनों आरोपियों को ओडिसा से हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पीड़ित बालिका बताई कि आरोपी राकेश नाइक उर्फ पिन्टु, उर्फ आर.के. से फेसबुक पर जान पहचान हुआ। उसकी दोस्त मालती सोना उर्फ मनीषा उर्फ रानी जो उसके साथ रहती थी उससे राकेश नाइक के माध्यम से परिचय हुआ था। राकेश नाइक शादी करूंगा कहता था, एक दिन मालती सोना और राकेश दोनों गांव भी आये थे, उस दिन भी राकेश शादी करूंगा कहकर साथ चलले बोला था पर नहीं गई और दिनांक 09.05.2022 की रात दोनों फिर साथ गांव आकर बरमकेला गये और बरमकेला से पदमपुर बरगढ़ (ओडिशा) लेकर गये थे, जहां एक कमरे में तीनों साथ रहते थे। राकेश कमरे में शारीरिक संबंध बनाया, दोनों कमरे को बंद कर चले जाते थे। एक दिन राकेश और मालती के बीच झगड़ा हुआ तो मालती मेरे भाई को कॉल कर बतायी। बरमकेला पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ किया गया, दोनों अपना अपराध स्वीकार किये हैं।

छत्तीसगढ़ में अगले 24 घन्टे में हो सकती हैं भारी बारिश

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई शहरों में रविवार को दिनभर रुक-रुक पर झमाझम और तेज बारिश हुई. राजधानी में सुबह से लेकर शाम तक लगभग 8 घंटे के दौरान 19 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई. मौसम विभाग की मानें तो सोमवार को राजधानी में हल्के बादल रहने और गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है।

रविवार को बारिश के कारण धमतरी के गंगरेल बांध उफान पर होने के कारण उसके कई गेट खोल दिए गए थे. कल की बारिश में कई जगहों पर छोटे नदी नाले में बाढ़ की स्थिति भी देखने को मिली और कुछ निचली बस्तियों में जलभराव भी देखने को मिला. अगले 24 घंटे में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश होने के साथ ही कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। रविवार को रायपुर में अधिकतम तापमान 28.1 डिग्री न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री, माना एयरपोर्ट पर अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री, बिलासपुर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री, पेंड्रा रोड का अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री न्यूनतम तापमान 22.5, अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री, जगदलपुर का अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री, दुर्ग का अधिकतम तापमान 28 डिग्री न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री, राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 26 डिग्री न्यूनतम तापमान 25.5 दर्ज किया गया। बीजापुर जिले में अब तक औसत से अधिक 178% बारिश दर्ज की गई है. जबकि जशपुर जिले में अब तक औसत से कम 69% बारिश दर्ज की गई है. बात अगर रायपुर जिले की करें तो रायपुर में औसत से कम 10% बारिश दर्ज की गई है।

कंपनी में ड्रायवर का काम करने वाले युवक ने नाबालिग को शादी का प्रलोभन देकर किया शारीरिक शोषण

❐ **तमनार पुलिस ने आरोपी पर पॉक्सो एक्ट का अपराध दर्ज कर किया गिरफ्तार**

रायगढ़। दिनांक 16.07.2022 को थाना तमनार में नाबालिग बालिका दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराने परिजनों के साथ आयी। निरीक्षक किरण गुप्ता द्वारा पीड़िता से पूछताछ कर आरोपी दयानिधी पटेल पर धारा 363, 366(क), 376, भा.द.वि 06 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पीड़िता बताई कि ग्राम दियागढ़ लैलूंगा का दयानिधि पटेल से लगभग 1 वर्ष पूर्व से जान पहचान है। वह तमनार के किसी कंपनी में ड्रायवरी काम करता था, दोनों एक दूसरे से मोबाइल पर बातचीत करते थे। दयानिधि अविवाहित हूं, शादी करके पत्नी बनाकर रखूंगा कहकर बोलता था। दिनांक 12.07.2022 को मां की तबियत खराब होने से तमनार अस्पताल में भर्ती किये थे। उसी दिन सुबह दयानिधि पिकअप लेकर तमनार आया हूं रायगढ जा रहा हूं, साथ चलो थोडी देर में वापस छोड दूंगा कहकर गाड़ी में बैठाकर रायगढ की ओर ले जाने लगा और पूंजीपथरा के पहले जंगल में पिकअप को मोड दिया और लगभग आधा किलोमीटर दूर ले जाकर पिकअप रोककर शारीरिक संबंध बनाया, किसी तरीके से छुडाकर भागते रोड में आई और पैदल अपने घर गई। घटना के बारे में अपनी घरवालों को बताई।

घटना के बाद से आरोपी दयानिधि फरार था, थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे द्वारा आरोपी की सूचना देने मुखबिरों को तैनात किये जिसके गांव से अन्यत्र फरार होने की सूचना पर तत्काल रात में ही स्टाफ के साथ उसके सकुनत पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी दयानिधी पटेल पिता शिवचरण पटेल उम्र 27 साल सा. दियागढ़ थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ का स्वास्थ्य परीक्षण, कोविड टेस्ट कराया गया जिसे आज दिनांक 17.07.2022 को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजन को देकर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे, महिला आरक्षक संगीता भगत की अहम भूमिका रही है।

जिले में बच्चों की भाषाई एवं गणितीय दक्षता विकास हेतु ईजीएल प्रशिक्षण संपन्न

रायगढ़। जिले के तीन विकासखंड रायगढ़, खरसिया एवं तमनार में कक्षा पहली एवं दूसरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के भाषाई एवं गणितीय दक्षता उन्नत करने के लिए जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं रूम टू रीड के सहयोग से ईजीएल प्रशिक्षण शासकीय नटवर उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 21 जुलाई 2022 तक आयोजित किया जाना है। 13 जुलाई को यूनिसेफ एवं रूम टू रीड के राज्य प्रशिक्षक एवं तीनों विकासखंड के चयनित मास्टर ट्रेनर्स का उन्मुखीकरण जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायगढ़ में संपन्न हुआ तथा 14 से 16 जुलाई 2022 तक 3 दिवसीय प्रशिक्षण जिसमें तीनों विकासखंड के संकुल समन्वयक विकासखंड स्रोत समवयक एवं मास्टर ट्रेनर्स शामिल हुए।

विदित हो कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रुप से कक्षा एक एवं कक्षा दो में अध्ययन करने वाले बच्चों के भाषाई दक्षता विकसित करने के लिए भाषा से संबंधित वर्णों को पहचानना, वर्णों को जोड़कर शब्द बनाना एवं शब्द का अर्थ समझने की प्रक्रिया को बड़े ही सरल तरीके से बताया गया तथा गणितीय दक्षता विकसित करने हेतु अंको की पहचान कर उनके व्यवहारिक उपयोग करने के सरलतम तरीकों को आकर्षक तरीके से बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद यह महसूस किया जा रहा है कि इस विशेष तकनीक के प्रयोग से रायगढ़ जिले के तीन विकासखंड में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चल रहे कार्यक्रम के बाद बच्चों को भाषा को समझने की अवधारणा स्पष्ट होगी तथा वे विशेष रूचि के साथ कक्षा की ओर आकर्षित होंगे। प्रशिक्षण का प्रथम दिवस रायगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य एवं जिला मिशन समन्वयक आर.के. देवांगन के विशेष उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम में सहायक परियोजना अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, ईजीएल कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार तथा जिले की सभी विकासखंड स्रोत समन्वयक एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारीगण उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम द्वितीय दिवस तथा तृतीय दिवस पर प्रशिक्षकों के द्वारा विशेष चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य ने प्रारंभ दिवस पर प्रशिक्षार्थियों से प्रशिक्षण के उद्देश्य, आवश्यकता पर विशेष मार्गदर्शन एवं संकुल स्रोत समन्वयक तथा मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा भविष्य में किए जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा की प्रशिक्षण दिवस के अंतिम दिवस संकुल स्रोत समन्वयकों से तीन दिवसों में प्राप्त ज्ञान पर विस्तृत चर्चा भी की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक द्वय ने 22 जुलाई 2022 को गौरेला पेंड्रा जिले से आ रहे एक्स्पोजर विजिट के सदस्यों के आने से पूर्व ईजीएल केंद्रों को व्यवस्थित कर आवश्यक का तैयारी करने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में 21 से 23 जुलाई 2022 तक 3 दिवसीय प्रशिक्षण कक्षा पहली एवं दूसरी कक्षा को अध्यापन करने वाले शिक्षकों को विकासखंड स्तर पर दिया जाएगा। इसके लिए रायगढ़ विकास खंड में 5 प्रशिक्षण केंद्र, खरसिया विकास खंड में चार प्रशिक्षण केंद्र तथा तमनार विकास खंड में 3 प्रशिक्षण केंद्र बनाए गए है। इस कार्यक्रम से रायगढ़ खरसिया एवं तमनार विकासखड के 525 विद्यालय के कक्षा पहली एवं दूसरी में पढऩे वाले विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480